

जालंधर, सोमवार 8 अप्रैल 2024

JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

+91 97814 00247


**सुविचार**

कभी किसी की खुशी के लिए कुछ कर के देखना अच्छा लगेगा


@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# इंसानों की हड्डियों से बनती है ये ड्रग

## नशे के लिए कब्रें खोद रहे लोग! इस देश ने लगाई नेशनल इमरजेंसी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पश्चिमी अफ्रीका में स्थित देश सिएरा लियोन के राष्ट्रपति ने एक ड्रग को लेकर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित कर दी है। इस ड्रग का नाम कुश है जो कि एडिक्टिव पदार्थों का साइकोएक्टिव मिश्रण है।

इस देश में यह ड्रग कई सालों से लोगों को अपना आदी बना रही है। राष्ट्रपति जूलियस माडा बायो ने इस ड्रग को 'मौत का जाल' बताया है और कहा है कि इससे 'अस्तित्व का संकट' खड़ा हो गया है। इस ड्रग को बनाने में जिन पदार्थों का इस्तेमाल किया जाता है उनमें से एक इंसानों की हड्डियां हैं। इसके आदी लोगों को कब्रें खोदते हुए देखा गया है। इस पर रोक लगाने के लिए कब्रिस्तानों में सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार सिएरा लियोन में सड़कों के किनारे ऐसे लोगों को बैठे देखना आम है जिनके अंग इस ड्रग का ज्यादा सेवन करने की वजह से सूज गए हैं। इसके लती एक शख्स ने कहा कि मुझे अच्छा नहीं लगता लेकिन मैं इसे छोड़ नहीं पा रहा हूं।

**पिछले कुछ महीनों में जा चुकी सैकड़ों लोगों की जान :** बता दें कि इस ड्रग की वजह से कितने लोगों की जान गई है इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लेकिन बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार एक डॉक्टर ने बताया कि राजधानी फ्रीटाउन में पिछले कुछ महीनों में सैकड़ों युवाओं की मौत हुई है। ड्रग के अत्यधिक सेवन की वजह से उनके अंगों ने काम करना बंद कर दिया था जिससे उनकी जान चली गई। डॉक्टर्स का कहना है कि शरीर पर दुष्प्रभाव के साथ-साथ इस ड्रग का व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है।



**3 साल में 4000 प्रतिशत बढ़ गए भर्ती होने वाले लोग :** सिएरा लियोन साइकिएट्रिक हॉस्पिटल का कहना है कि साल 2020 और 2023 के बीच कुश ड्रग की वजह से भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में 4000 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें कि यह इस तरह का देश में अकेला अस्पताल है। इसके इस्तेमाल में इजाफे को देखते हुए फ्रीटाउन के कब्रिस्तानों का संचालन करने वालों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

गुरुवार की रात राष्ट्रपति बायो ने एक संबोधन में कहा कि हमारा देश इस ड्रग के चलते इस समय अस्तित्व के संकट का सामना कर रहा है।

### संकट से निपटने के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करते हुए कहा कि इसके एब्यूज को रोकने के लिए एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया गया है। यह टास्क फोर्स मुख्य रूप से कुश संकट से निपटने पर फोकस करेगी। हर जिले में सेंटर बनाए जाएंगे जिनमें प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स इसके लती लोगों को मदद उपलब्ध कराएंगे।

बता दें कि वर्तमान में फ्रीटाउन इस देश का इकलौता ऐसा शहर है जहां ड्रग रिहैबिलिटेशन सेंटर काम कर रहा है। इसे इसी साल एक आर्मी ट्रेनिंग सेंटर में बनाया गया था।

# हिमाचल में तेल टैंकर पलटा, लगी भीषण आग, 1 की मौत

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** हिमाचल प्रदेश के ऊना में रविवार, 7 मार्च को एक तेल टैंकर के पलट जाने और आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, यह घटना यहां हरोली क्षेत्र के टाहलीवाला कासवा गांव में हुई, जिसमें 15 दुकानें नष्ट हो गईं और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आग पर अब काबू पा लिया गया है।

### कैसे हुई दुर्घटना?

यह दुर्घटना तब हुई जब डीजल से भरे टैंकर का ब्रेक फेल हो गया और वह बाजार में पलट गया, जिससे उसमें आग लग गई और एक स्कूटर सहित कई वाहन कुचल गए, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पीड़ित स्कूटर सवार की पहचान पंजाब निवासी सुभाष चंदर के रूप में हुई है। आठ घायलों में से एक की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया है।

**उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने व्यक्त किया दुख :** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और स्थानीय विधायक ने घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन के अधिकारी राहत पहुंचाने के लिए मौके पर हैं। उन्होंने एक्स पर लिख, हादसे में एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु और कुछ व्यक्तियों के घायल होने के इलावा आस-पास की दुकानों के जलने से नुक़सान हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है। हम ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना करतें हैं। राहत जायज़े के लिए प्रशासन मौक़े पर है। केंद्रीय सूचना सह प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इलाके का दौरा किया और घटना के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों और घायलों को सांत्वना दी।



## पंजाब के पुलिस प्रशासन में दो युवकों ने मचा रखी थी खलबली, कभी डीआइजी तो कभी दूसरा अफसर बनकर रहे थे ये काम, अब लगी हथकड़ी

**जालंधर( हिमांशु ) :** पटियाला पंजाब के डीआइजी की प्रोफाइल बनाकर आनलाइन ठगी करने के मामले में पंजाब पुलिस ने ऊसराहार से एक आरोपित को मोबाइल फोन की लोकेशन पर गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब पुलिस की 15 दिन के अंदर इटावा में यह दूसरी दबिश है। इससे पहले वह इसी मामले में ऊसराहार के एक युवक को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्त में आए दोनों युवक आनलाइन ठगी करने वाले गैंग के सदस्य हैं।

रविवार को ऊसराहार थाना क्षेत्र के उदयपुर कला एवं ऊसराहार में पटियाला पंजाब के लाहौरी गेट थाने की पुलिस ने ऊसराहार पुलिस के साथ दो युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद एक युवक को छोड़ दिया और दूसरे को गिरफ्तार कर ले गई।





HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.


NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in




# इन तीन राज्यों में पहली बार सबसे ज्यादा सीटें जीत सकती है BJP!




**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनावों के लिए कई बड़े संकेत दिए हैं। उनके मुताबिक विपक्षी दलों को कई बार मौका मिला, जब वह भाजपा की बढ़त को रोक सकते थे, लेकिन उन्होंने मौका गंवा दिया।

उन्हें लगता है कि पूर्वी और दक्षिणी भारत के तीन राज्यों में अबकी बार भाजपा कमाल कर सकती है, जैसा अबतक कभी नहीं हुआ।

प्रशांत किशोर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के संपादकों को दिए एक इंटरव्यू में भाजपा के इन चुनावों में मौजूदा स्थिति को लेकर कई सारे अनुमान जताए हैं। इसमें तेलंगाना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को लेकर उनकी भविष्यवाणी बहुत ही चौंकाने वाली है।

**तमिलनाडु में भी भाजपा के लिए अच्छे संकेत :** बीजेपी,कांग्रेस समेत कई दलों के लिए चुनावी रणनीतियां तय कर चुके प्रशांत किशोर ने तमिलनाडु में भी इस बार भाजपा के बहुत ही बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। तमिलनाडु से इस बार बीजेपी को काफी उम्मीदें हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के लगातार दौरे किए हैं। वहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और आईपीएस की नौकरी छोड़कर पार्टी की कमान संभाल रहे के अन्नामलाई की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। इस आर्टिकल के अंत में प्रशांत किशोर के इंटरव्यू का खास वीडियो अंश भी देख सकते हैं। पीके के मुताबिक इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर तमिलनाडु में डबल डिजिट में पहुंच सकता है। बता दें कि इस बार पार्टी अपनी लंबे समय की सहयोगी अन्नाद्रमुक से अलग ही गठबंधन बनाकर चुनाव मैदान में है।

### ओडिशा, तेलंगाना और बंगाल में नंबर-1 बन सकती है भाजपा-प्रशांत किशोर

वहीं प्रशांत किशोर ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के लिए जो कुछ अनुमान जताए हैं, उससे विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को मायूसी हाथ लग सकती है।

उन्होंने कहा है, 'तेलंगाना में यह (बीजेपी) पहली या दूसरी पार्टी रहेगी, जो कि बड़ी चीज है। निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक पर रहेगी। आप आश्चर्यचकित रह जाएंगे, जिसकी पूरी संभावना है, मेरे दिमाग में, पश्चिम बंगाल में बीजेपी पहले नंबर की पार्टी बनने जा रही है।'

### बीजेपी के लिए क्यों अहम पीके की भविष्यवाणी

ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार और तेलंगाना में 543 में से लोकसभा की 204 सीटें हैं। पिछले दोनों चुनावों में भाजपा यहां 50 के आंकड़े पार नहीं कर पाई है। 2014 में उसे इन राज्यों से कुल 29 सीटें मिली थीं और 2019 में 47 सीटें जीती थी। यहां यह ध्यान में रखना जरूरी है कि पीके आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और बंगाल में टीएमसी के बड़ी जीत में भी बड़ा रोल निभा चुके हैं।

### भाजपा को विपक्ष कैसे दे सकता है टक्कर?

किशोर का कहना है कि भाजपा को इस चुनाव में तभी चुनौती दी जा सकती है, जब विपक्ष और खासकर कांग्रेस उसे उत्तर और पश्चिम भारत के उसके गढ़ में कम से कम 100 सीटों पर हरा दे।

लेकिन, उनका कहना है कि ऐसा होने नहीं जा रहा। क्योंकि, 'कमोवेश इन क्षेत्रों में बीजेपी अपनी पकड़ कायम रखने में सफल रहेगी।'

### भाजपा से कहां पिछड़ गया विपक्ष?

वहीं बीजेपी ने पिछले वर्षों में जिस तरह से पूर्वी और दक्षिणी भारत में अपना विस्तार किया है और पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इन राज्यों में लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ाई है, उसमें विपक्ष एक तरह से नाकाम रहा है।


### इंडिया ब्लॉक का कोई मतलब नहीं?

हालांकि, उनका कहना है कि बीजेपी के 370 सीटों पर जीतने की संभावना नहीं है, जितना की उसने लक्ष्य रखा है। लेकिन, उनके मुताबिक भाजपा 300 सीटों के आसपास जीतने में सफल जरूर होगी। उनके मुताबिक विपक्षी दलों का इंडिया ब्लॉक ना तो योग्य और न ही प्रभावी, क्योंकि करीब 350 सीटों पर तो पहले से ही आमने-सामने का मुकाबला है।

### 'बीजेपी का अजेय होना बहुत बड़ा भ्रम'

इसी तरह उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में भाजपा के अजेय होने को भी 'बहुत बड़ा भ्रम' बताया है और इसके लिए विपक्षी दलों की नीतियों पर ही सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, 'अगर आप कैच छोड़ते रहेंगे, तो बैट्समैन सेंचुरी मारेगा, खासकर जब अच्छा बैट्समैन हो।'

# Lok Sabha Election 2024 का कैसा रहेगा परिणाम? जानिए क्या कहता है AI का अनुमान




**जालंधर ( हिमांशु ) :** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आती जा रही हैं, वैसे-वैसे लोगों में इस बात की उत्सुकता भी बढ़ती जा रही है कि इस बार इनका परिणाम क्या होगा। रिजल्ट को लेकर एक ओर जहां राजनीतिक पंडितों की ओर से अनुमान लगाए जाने की शुरुआत हो गई है तो कुछ ओपिनियन पोल भी सामने आए हैं। हालांकि, इस बात की पूरी-पूरी संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी।

### AI ने यूं दिए चुनाव से जुड़े सवालों के जवाब

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पिछले दो आम चुनावों में मोदी लहर में बह गए विपक्ष की स्थिति क्या इस बार सुधरेगी? कांग्रेस ने इस बार भाजपा को चुनौती देने के लिए कई क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर इंडिया नाम का महागठबंधन बनाया है। लेकिन, चुनावी मैदान में वह भाजपा को कुछ खास टक्कर देती नजर नहीं आई है। तो चुनाव के परिणामों और पार्टियों के प्रदर्शन को लेकर हमने सवाल पूछे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से और जो जवाब मिले वो जान कर आप भी हैरान रह जाएंगे।

हमने ये सवाल किए माइक्रोसॉफ्ट के एआई चैटबॉट माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट से जो कि इस दिग्गज टेक कंपनी का काफी बड़ा लैंग्वेज मॉडल है। जवाब में इसने न केवल यह बताया कि चुनाव का परिणाम कैसा हो सकता है बल्कि इस बात को लेकर भी भविष्यवाणी की कि किसके खाते में कितनी सीटें आ सकती हैं। इसके अलावा इसने यह जानकारी भी दी कि भाजपा को चुनाव में किन मुद्दों को लेकर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पढ़िए लोकसभा चुनाव को लेकर एआई की भविष्यवाणी।

### भाजपा और कांग्रेस के प्रदर्शन पर क्या कहा?

माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट का अनुमान है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 399 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है। इसने यह भी कहा कि भाजपा अकेले 335 से 342 तक सीटें जीत सकती है। बता दें कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को 303 और एनडीए को 353 सीटें मिली थीं। वहीं, कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट ने कहा कि इसे 38 सीटों पर जीत मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 52 सीटों पर विजय मिल पाई थी।

### किस तरह अनुमान लगाता है एआई चैटबॉट?

इसने यह भी कहा कि चुनाव परिणाम को लेकर अनुमान समय के साथ बदल सकते हैं। एआई भी उसी डाटा पर अपने अनुमान लगाता है जो उसे इंसानों से मिलते हैं। चुनाव परिणाम का अनुमान लगाने के लिए इसने अभी तक के ओपिनियन पोल्स, इस पर लिखे गए आर्टिकल्स, लोगों के रिएक्शन आदि का विश्लेषण किया और उसी के आधार पर अपना अनुमान जताया। बता दें कि कोपायलट ने यह भी लिखा कि चुनावी परिदृश्य डायनैमिक होता है और सरप्राइज मिलने की संभावना हर समय बनी रहती है।

# अनंतनाग से चुनाव लड़ेंगी महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद से सीधा मुकाबला

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पीडीपी ने मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है जबकि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा को श्रीनगर और राज्य सभा के पूर्व सांसद मीर फयाज को बारामूला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर के एक और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से निकले नेता गुलाम नबी आज़ाद भी अनंतनाग लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में चुनाव होंगे। आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इसके बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण में जम्मू सीट पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण यानी सात मई को अनंतनाग सीट पर वोटिंग होनी है। आगामी 13 मई को चौथे चरण के तहत श्रीनगर और पांचवें चरण में 20 मई को बारामूला सीट पर वोटिंग होगी। नतीजे चार जून को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटें हैं। उल्लेखनीय है कि पीडीपी ने जम्मू लोकसभा सीट पर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# सूर्य ग्रहण से इन 4 राशियों की बढ़ सकती हैं परेशानियां, ये उपाय दिलाएंगे लाभ, जानें आपकी राशि पर असर

**साल का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को मीन राशि में लगेगा। सूर्य ग्रहण भारतीय समय अनुसार रात में 9 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और देर रात 2 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। ग्रहण की समयावधि 5 घंटे 10 मिनट की होगी। इस ग्रहण का सभी राशियों पर क्या प्रभाव देखने को मिलेगा, आइए विस्तार से जानते हैं।**

## सूर्य ग्रहण का सभी 12 राशियों पर प्रभाव



जालंधर (हर्ष शर्मा)

**मेष राशि :** मेष राशि वालों यह सूर्यग्रहण आपके द्वादश भाव में लगेगा । जन्मपत्रिका में बारहवें स्थान का संबंध शैय्या सुख से है, आपके खर्चों से है । लिहाजा आपके शैय्या सुख और आपके खर्चों पर यह ग्रहण लगेगा। आपको शैय्या सुख पाने में मुश्किलें होंगी और आपके खर्चों में बढ़त होगी।

**उपाय :** इस ग्रहण की अशुभता से बचने के लिये-अपने घर की खिड़की, दरवाज़े खुले रखने चाहिए और घर में उचित मात्रा में रोशनी रखनी चाहिए।

**वृषभ राशि :** सूर्य ग्रहण आपके 11वें स्थान पर लगेगा। जन्मपत्रिका में ग्यारहवें स्थान का संबंध आपकी आमदनी और कामना पूर्ति से है। लिहाजा इस ग्रहण का असर आपकी आमदनी और आपकी इच्छाओं पर होगा। आपको अपनी किसी इच्छा की पूर्ति करने में परेशानी आ सकती है ।

**उपाय :** सूर्यग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये- रात को सोते समय अपने सिरहाने पर 5 मूली या 5 बादाम रखकर सोएं और अगले दिन उन्हें किसी मन्दिर या धर्मस्थल पर दान दे आएं।

**मिथुन राशि :** सूर्यग्रहण आपके दसवें भाव में लगेगा ।जन्मपत्रिका में दसवें स्थान का संबंध आपके करियर, पिता तथा राज्य से है । इस ग्रहण का प्रभाव आपके खुद के और आपके पिता के करियर के ऊपर रहेगा । आपको अपने करियर के डिसीजन लेने में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं।

**उपाय :** इस ग्रहण के प्रभाव से बचने के लिये- सफेद या शरबती रंग की टोपी या पगड़ी सिर पर पहनें

**कर्क राशि :** राशिचक्र की चौथी राशि कर्क वालों के नवम भाव में यह सूर्यग्रहण लगेगा । जन्मपत्रिका में नवे स्थान भाग्य से संबंध रखता है ।लिहाजा आपके भाग्य पर, आपकी किस्मत पर यह ग्रहण लगेगा। इस दौरान आपकी किस्मत आपका पूरी तरह से साथ नहीं दे पायेगी।

**उपाय :** ग्रहण के प्रभाव से बचाने के लिये- आपको मन्दिर में गुड़ का दान करना चाहिए।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों यह सूर्यग्रहण आपके आठवें स्थान पर लगेगा । जन्मपत्रिका में आठवें स्थान का संबंध आपकी आयु से है । लिहाजा सूर्य का यह ग्रहण आपकी आयु पर लगेगा । आपके स्वास्थ्य में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं ।

**उपाय :** ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये- गायत्री मंत्र का 108 बार जाप करें।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के सातवें भाव में सूर्यग्रहण लगेगा ।जन्मपत्रिका में सातवें स्थान का संबंध जीवनसाथी से होता है । लिहाजा जीवनसाथी से आपके संबंधों पर सूर्य का यह ग्रहण लगेगा । अतः अपने जीवनसाथी का ख्याल रखें।

**उपाय :** सूर्य के इस ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये- भोजन करने से पहले रोटी के एक टुकड़े की अग्नि में आहुति देनी चाहिए।

**तुला राशि :** सूर्यग्रहण आपके छठे स्थान पर लगेगा । जन्मपत्रिका में छठवे स्थान का संबंध आपके मित्र, शत्रु और स्वास्थ्य से है । इस ग्रहण के प्रभाव से शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश कर सकते हैं, संभलकर रहें और दोस्तों का साथ बनाये रखें।

**उपाय :** इस ग्रहण के अशुभ फलों से बचने के लिये- कुत्ते को रोटी खिलानी चाहिए।

**वृश्चिक राशि :** आपके पांचवे स्थान पर सूर्य ग्रहण लगेगा । जन्मपत्रिका में पांचवे स्थान का संबंध विद्या, गुरु, संतान एवं विवेक से है और साथ ही रोमांस आदि विषयों से है । अतः आपकी इन सब स्थितियों पर सूर्य ग्रहण का प्रभाव पड़ेगा।

**उपाय :** ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये और शुभ फल सुनिश्चित करने के लिये- पक्षियों को दाना डालना चाहिए।

**धनु राशि :** सूर्य ग्रहण आपके चौथे स्थान पर लगेगा । जन्मपत्रिका में चौथे स्थान का संबंध माता, भूमि-भवन और वाहन से है । लिहाजा सूर्य का यह ग्रहण माता के साथ आपके रिश्ते पर और भूमि-भवन और वाहन पर लगेगा । लिहाजा किसी काम में आपको माता से सहयोग पाने के लिये थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है ।

**उपाय :** ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये-जरूरतमंद को भोजन कराना चाहिए।

**मकर राशि :** आपके तीसरे स्थान में सूर्य ग्रहण होगा । जन्मपत्रिका में तीसरा स्थान भाई-बहनों से संबंध रखता है । लिहाजा इस सूर्यग्रहण के प्रभाव से आपका अपने भाई-बहनों से रिश्ते पर प्रभाव पड़ेगा ।

**उपाय :** इस ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये आपको धार्मिक कार्यों में अपना सहयोग देना चाहिए ।

**कुम्भ राशि :** आपके दूसरे स्थान पर सूर्य ग्रहण लगेगा । जन्मपत्रिका में दूसरे स्थान का सम्बन्ध धन तथा आपके स्वभाव से होता है। अतः यह ग्रहण आपके व्यवहार पर लगेगा। आज किसी से बात करते समय आपको अपनी भाषा का खास ख्याल रखना चाहिए। अपने पैसों को संभाल कर रखना चाहिए।

**उपाय :** इस ग्रहण के अशुभ प्रभावों से बचने के लिये आपको नारियल, नारियल का तेल या कुछ बादाम मन्दिर या किसी धर्मस्थल पर दान करना चाहिए।

**मीन राशि :** मीन वालों यह सूर्यग्रहण आपके पहले स्थान यानि लग्न स्थान पर लगेगा। जन्मपत्रिका में पहले स्थान स्वयं का स्थान होता है, शरीर का होता है । अतः यह ग्रहण स्वयं आप पर और आपके शरीर पर लगेगा। आज आपके अन्दर ऊर्जा की कमी रहेगी ।

**उपाय :** इस ग्रहण की अशुभ स्थिति से बचने के लिये-आपको सूर्यदेव को जल चढ़ाना चाहिए ।

# सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण, NASA के दो WB-57 जेट्स लगाएंगे सूर्य के रहस्य का पता

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** सोमवार को होने वाले पूर्ण सूर्य ग्रहण को लेकर तैयारी में जुटा है, जब चंद्रमा की छाया उत्तरी अमेरिका के विशाल हिस्से पर पड़ेगी. इस दुर्लभ घटना को कैद करने के लिए विशेष उपकरणों से लैस नासा के दो WB-57 जेट विमानों को इस सूर्य ग्रहण को ट्रैक करने और सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने के लिए तैनात किया जाएगा.

सूर्य के बाहरी वातावरण को कोरोना के रूप में जाना जाता है.



### नासा सूर्य ग्रहण का पीछा क्यों करेगा?

नासा का लक्ष्य सूर्य के आसपास के रहस्यों को उजागर करना है. उन्हें उम्मीद है कि कोरोना की संरचना और तापमान के बारे में जानकारी हासिल होगी. यह समझा जा सकेगा कि कैसे सूर्य हमारे ग्रह के आयनमंडल को प्रभावित करता है और यहां तक कि छिपे हुए क्षुद्रग्रहों का भी पता लगाया जा सकेगा, जो आमतौर पर सूर्य की चमक से अस्पष्ट होते हैं.

आयनमंडल माप के प्रमुख शोधकर्ता और वर्जीनिया के ब्लैक्सबर्ग में वर्जीनिया टेक के शोध सहायक प्रोफेसर भरत कुंदुरी ने एक बयान में कहा, ग्रहण मूल रूप से एक नियंत्रित प्रयोग के रूप में कार्य करता है. यह समझने का अवसर देता है कि सोलर रेडिएशन में परिवर्तन कैसे आयनमंडल पर प्रभाव डाल सकता है, जो बदले में रडार और जीपीएस जैसी कुछ तकनीकों को प्रभावित कर सकता है जिन पर हम अपने दैनिक जीवन में भरोसा करते हैं.

### क्यों उड़ान भरेंगे WB-57 जेट?

WB-57 बादलों और वायुमंडलीय कणों के ऊपर जा सकते हैं, जमीन से 50 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं जो उन्हें विजिबल और इंफ्रारेड लाइट्स में शार्प इमेजेस को कैप्चर करने की अनुमति देता है.

जेटों के उड़ान भरने और उड़ने का समय ठीक उसी समय होगा जब ग्रहण हो रहा होगा. वे 740 किमी/घंटा तक की गति से उड़ान भरेंगे, ताकि हमारा ग्रहण देखने का समय बढ़ सके. इस तरह करीब 4 मिनट और 27 सेकंड की सामान्य अवधि के बजाय वह इसे करीब 25 फीसदी तक बढ़ा देंगे, जिससे हमें कुल मिलाकर करीब 6 मिनट और 22 सेकंड मिलेंगे. यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई की एक शोधकर्ता शादिया हब्बल ने कहा, 'समग्रता की अवधि बढ़ाकर, हम यह अवधि बढ़ा रहे हैं कि हम कितना डाटा प्राप्त कर सकते हैं. यह प्रकाश कोरोना में थर्मामीटर चिपकाने के अलावा हमारी सबसे अच्छी जांच है.'

### इस तरह से समझिए समग्रता को

पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान, 'समग्रता' उस संक्षिप्त अवधि को बताता है जब चंद्रमा पूर्ण रूप से सूर्य को ढक लेता है और केवल सूर्य का बाहरी वातावरण यानी कोरोना दिखाई देता है.

इससे एक नाटकीय दृश्य उत्पन्न होता है, जहां आकाश में काफी हद तक अंधेरा छा जाता है और सूर्य का कोरोना चंद्रमा की अंधेरी डिस्क के चारों ओर एक चमकते प्रभामंडल के रूप में दिखाई देता है.

### हम समग्रता का अनुभव कैसे कर सकते हैं?

समग्रता का अनुभव करने के लिए, आपको समग्रता के 185 किमी-16,000 किमी के पथ के भीतर रहना होगा. लाइव साइंस के अनुसार, जो 8 अप्रैल को मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा के कुछ हिस्सों में पड़ता है.




# 'रामनवमी आ रही है, पाप करने वालों को भूलना मत...'

# नवादा की रैली में क्यों बोले पीएम मोदी?

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के नवादा पहुंचे. यहां पर उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए INDIA गठबंधन पर निशाना साधा और इसके साथ ही बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हुए कामों को गिनाया. पीएम मोदी ने INDIA ब्लॉक के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि 'वे कहते हैं कि मोदी का गारंटी देना ठीक नहीं है और इसपर बैन लगना चाहिए. उन्होंने कहा कि मोदी का गारंटी देना गैरकानूनी है.' पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता के कथित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी गारंटी देता है क्योंकि मोदी की नीयत साफ है. मोदी इसलिए गारंटी देता है क्योंकि वो गारंटी पूरी करने के लिए मेहनत करता है.



### 'राम नवमी आ रही है, पाप करने वालों को भूलना मत...', PM ने ऐसा क्यों कहा?

पिछले दिनों आयोध्या में बनी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, जिसमें विपक्ष के कई दलों ने हिस्सा नहीं लिया. ऐसे नेताओं पर निशाना साधते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा, आज राम मंदिर का शिखर आसमान छू रहा है. जो पांच सौ वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कांग्रेस और आरजेडी वर्षों तक कोशिश की, वो बन कर तैयार हो गया. देशवासियों के पैसों से मंदिर बना है, देशवासियों ने बनाया है.

विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इनकी क्या दुश्मनी है प्रभु राम, अयोध्या और हमारी विरासत से कि इन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया. इतना ही नहीं, इनके मन में इतना जहर भरा है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा में आ गए, तो उनको 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया.

राम नवमी आ रही है, ये पाप करने वालों को भूलना मत. उन्होंने विपक्षी दलों को लेकर आगे कहा कि ये भी जानते हैं कि अगर मोदी की गारंटी ऐसे ही चलती रही, तो इनके वोट बैंक की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए ये लोग मोदी की गारंटी का विरोध कर रहे हैं. INDIA ब्लॉक के पास ना विजन है और ना विश्वसनीयता है. दिल्ली में एक साथ खड़े होते हैं और अलग-अलग राज्यों में एक-दूसरे को गाली देते हैं.

पीएम मोदी ने INDIA ब्लॉक को घेरते हुए कहा कि यहां गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा दल कहता है कि असली उम्मीदवार कोई और है, आपस में ही सिर फुटव्वल मचा रखा है. ये मजबूरी में एक साथ आए हैं, INDIA गठबंधन मतलब देश विरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना. इस गठबंधन के लोग भारत को बांटने की बात करते हैं. कांग्रेस और आरजेडी एक भी वोट पाने के हकदार नहीं हैं. इन लोगों को सत्ता की लत लगी हुई है. ये सत्ता से बाहर जाते ही पानी से निकली मछली की तरह छटपटाते हैं.

### 'मोदी मौज करने के लिए नहीं पैदा हुआ...'

नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं सोऊंगा. 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बहार आए हैं, जब हौंसले बुलंद होते हैं, नीयत साफ होती है, तो लोगों को उसका लाभ मिलता है. मोदी मौज करने के लिए नहीं पैदा हुआ है, मेहनत करने के लिए ही जन्मा है. वो भी 140 करोड़ देश वासियों के लिए.

मल्लिकार्जुन खड़गे को निशाने पर लेते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कहते हैं कि राजस्थान में आकर मोदी 370 की बात क्यों करते हैं, ये सुन कर मुझे बहुत शर्म आई, क्या जम्मू-कश्मीर हमारा नहीं है? राजस्थान की धरती के वीर परिवार कश्मीर की रक्षा के लिए शहीद होकर लौटे हैं.

### मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में...

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है. मैं भी आप की ही तरह गरीबी को जीकर यहां आया हूं. मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 से पहले देश में क्या स्थिति थी.

करोड़ो देशवासी कच्चे घरों में रहने को मजबूर थे या बेघर थे, खुले में शौच के लिए मजबूर था, गरीब का राशन बिचौलिए खा जाते थे, अस्पताल में इलाज के लिए गरीब को दर-दर भटकना पड़ता था. गरीब का बेटा मोदी, गरीब का सेवक है. जब तक घर-घर की गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं बैठूंगा. पीएम मोदी ने कहा कि आगे कहा कि बीते दस सालों में गरीब के कल्याण का जो काम हुआ वो, आजादी के 6 दशकों में भी नहीं हुआ था. दस सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. जब नीयत साफ और हौसले बुलंद होते हैं, तो नतीजे मिलते हैं.

### 'गरीब का बेटा मोदी...'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं बिहार और मगध की धरती को प्रणाम करता हूं. मगध की इस महान धरती में चंद्रगुप्त मौर्य का शौर्य है, आचार्य चाणक्य की बौद्धिक क्षमता है और इसमें देश को दिशा देने का सामर्थ्य है. ये क्षेत्र बिहार के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी श्रीकृष्ण बाबू की जन्मभूमि भी है. नवादा लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण जी की भी कर्मभूमि है. मैं इन सभी महान विभूतियों को आदरपूर्वक नमन करता हूं. बिहार के नवादा में उमड़ा ये जनसागर जनसेवा के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड पर अटूट भरोसे का प्रत्यक्ष प्रमाण है.

उन्होंने आगे कहा कि देश भर के मेरे परिवारजन तीसरी बार एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं. यही समय है, सही समय है. गरीब का बेटा मोदी, गरीब का सेवक है. मैं जब तक देश के हर भाई-बहन की गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं बैठूंगा. मैं भी आप ही की तरह गरीबी को जीकर यहां आया हूं.

# एक और आतंकी हमले से थर्राया पाकिस्तान, 6 सुरक्षाकर्मियों और 12 आतंकवादियों की मौत

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** पाकिस्तान का अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा एक बार फिर बड़े आतंकी हमले से दहल गया है। यहां लगातार आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि खैबर पख्तनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं।

आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो आतंकवादी हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया। अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी।



### आतंकी हमले में एक डीएसपी की भी मौत

एक खबर के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' की एक खबर के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर के मुताबिक, शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इसके अनुसार शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

